सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 19.08.2024

चोरी की नीयत से ट्रक ले जाने वाले 01 वांछित ट्रक चालक को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एवं **थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.04.2024 को पीटीओ इटावा द्वारा ट्रक संख्या UP81BT 7260 का चालान कर थाना फ्रेण्डस कॉलोनी मण्डी परिसर में खड़ा किया गया, उक्त ट्रक को ट्रक चालक मौका पाकर चोरी की नीयत से ले गया। जिसके संबंध मे थाना फ्रेण्डस कालोनी पर थाना फ्रेण्डस कालोनी पर **मु0अ0सं0 162/2024 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

नोटः- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे गठित एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम द्वारा **दिनांक 13.07.2024** को 01 ट्रक संख्या UP81BT 7260 (चोरी किया गया) तथा ट्रक में लदी मूंग की दाल (अनुमानित कीमत 25 लाख रूपये) को बरामद किया गया एवं उक्त ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उक्त ट्रक चालक की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाछिंत/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे आज दिनांक 19.08.2024 को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दतावली नहर पुल के पास भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि मु0अ0स0 162/2024 मे वांछित दीपक उर्फ पेंगा पुत्र स्व रतन सिंह नगला मानधाता के सामने नहर की पटरी पर कहीं जाने की फिराक मे खडा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम द्वारा वांछित **अभियुक्त दीपक उर्फ पेंगा पुत्र स्व रतन सिंह को को नगला मान्धाता के सामने नहर की पटरी पर समय 13.30 बजे गिरफ्तार** किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. दीपक उर्फ पेगा पुत्र स्वर्गीय रतन सिंह निवासी रुहेरी थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस (ट्रक ड्राइवर) **उम्र 27 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0स0 162/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

पुलिस टीम- निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी, उ0नि0 नितिन चौधरी मय टीम।